पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देवें:–

1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा विज्ञप्ति दिनांक 12.12.2024 (विज्ञापन संख्या 19/2024) संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 03.03.2025 एवं 12.01.2026 का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेवें।
2. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny ) (दो प्रति) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति,जमा फीस की प्रति, चेक लिस्ट एवं बायोमेट्रिक स्लीप (दो प्रतियां) साथ लेकर आवें।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल ,सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज के फोटो आदि आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमें QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार) संलग्न करें।
6. अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (**Detailed Form Cum Scrutiny** ) **भरना अनिवार्य है**, यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा उक्त फॉर्म ठोस अपरिहार्य कारण से नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर (सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।
7. दस्तावेज सत्यापन में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप तथा अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश संलग्न है।

संलग्नः– 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची ।
2. विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप।
3.अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश

(डॉ.महावीर कुमार शर्मा)
संयुक्त निदेशक(स्कूल शिक्षा)
अजमेर संभाग,अजमेर

क्रमांकः–संनि/स्कूलशिक्षा/अजमेर/सं–3/यथाराजकाज    दिनांकः– यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
2. संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
4. रक्षित पंजिका

(डॉ.महावीर कुमार शर्मा)
संयुक्त निदेशक(स्कूल शिक्षा)
अजमेर संभाग,अजमेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahaveer Kumar Sharma
Designation : Joint Director
Date: 2026.03.08 15:24:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20922092

# कार्यालय संयुक्त निदेशक(स्कूल शिक्षा) अजमेर संभाग,अजमेर

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा–2024 अभ्यर्थी द्वारा विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ दस्तावेज नत्थीबद्व करने हेतु जारी आवश्यक दिशा–निर्देश**

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र में आवश्यक कॉलम की पूर्ति की जाकर **दो प्रतियों** में प्रस्तुत किया जाना हैं। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की दोनों प्रतियों के साथ स्वयं हस्ताक्षरित अपलोड किए गए दस्तावेजों को निम्नानुसार नत्थीबद्व की जानी हैं:–

01. शैक्षणिक योग्यता सत्यापन हेतु संपूर्ण अंकतालिकाएं/प्रमाण पत्रों की प्रतियां।
02. जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सैकण्डरी उत्तीर्ण की अंकतालिका की प्रति/जन्मप्रमाण–पत्र की प्रति।
03. मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति। अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का निवासी होने की स्थिति में अनुसूचित क्षेत्र का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
04. जाति प्रमाण पत्र(आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र, जिसमें अति पिछडा वर्ग सम्मिलित जातियों का नाम हों/सहरिया आदिम जाति का सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र)। विज्ञापन में उल्लेखानुसार कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.01.2022 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन–जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियो को आरक्षण का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण–पत्र ऑन लाईन आवेदन की अन्तिम तिथि जारी किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। आवेदन की अन्तिम तिथि के बाद का प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थी शपथ पत्र प्रस्तुत करें।
05. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि (बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप अनुसार) की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें एवं उसकी मूल प्रति साथ लावें। विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटों एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिएं। हस्ताक्षर, आवेदन में किए गए हस्ताक्षर समान होने चाहिए।
06. अन्य प्रमाण पत्र–(इनमें से जो लागू हों)

    A. विधवा महिला के मामले में महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, जिसमें पत्नी का नाम स्पष्ट अंकित हों। उक्त श्रेणी की अभ्यर्थियां साक्ष्य के रूप में पति की मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ विवाह पंजियन प्रमाण पत्र अथवा पति–पत्नी की कोई संयुक्त आईडी/राशन कार्ड/आधार कार्ड/वोटर आईडी अथवा प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें, जिसमे पति–पत्नी होने का उल्लेख। इस श्रेणी की अभ्यर्थना पुनर्विवाह किए जाने/नहीं किए जाने के संबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।

    B. परित्यक्ता महिला के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा जारी डिक्री की प्रति। उक्त श्रेणी अभ्यर्थियां तलाक की डिक्री आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें और यदि पति–पत्नी की कोई संयुक्त आईडी हो तो वह भी संलग्न करें। इस श्रेणी की अभ्यर्थियां द्वारा

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahaveer Kumar Sharma
Designation : Joint Director
Date: 2026.03.08 15:24:36 IST
Reason: Approved

पुनर्विवाह किए जाने /नहीं किए जाने के संबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।

C. निःशक्तजन के मामले में सक्षम चिकित्सा अधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र, जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता का हो एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों द्वारा यूनिक डिसेबिलिटी आई डी(यू.आई.डी.) का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

D. उत्कृष्ट खिलाडी के मामले में विज्ञप्ति दिनांक 12.12.2024 (विज्ञापन संख्या 19/2024) संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 03.03.2025 एवं 12.01.2026 में अंकितानुसार सक्षम स्तर के प्रमाण पत्र/पत्रों की प्रतियां। उक्त खेल प्रमाण पत्र इस भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।

E. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवानिवृति आदेश एवं डिस्चार्ज डायरी या एनओसी की प्रति एवं स्वतः घोषणा–पत्र/वचन बंध।

F. अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी दो मूल चरित्र प्रमाण पत्र। (प्रथम सेट के साथ दोनों मूल चरित्र प्रमाण पत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रतियां लगावें)।

G. अन्तिम शैक्षिणिक संस्था द्वारा जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

H. हस्तलिखित– बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप अनुसार (स्वयं प्रमाणित) (प्रथम सेट के साथ मूल हस्तलिखित प्रपत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रति लगावें)

I. शपथ पत्र (नोटेरी से सत्यापित)– दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने/एवं फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में। (प्रथम सेट के साथ मूल शपथ–पत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रति लगावें)

J. विवाह होने की स्थिति मे विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति।

07. अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक, जाति, मूल निवास व विकलांगता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों का अवलोकन कर ले तथा नाम में वर्तनी/स्पेस संबंधी अंतर होने पर शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

08. अभ्यर्थी पात्रता जांच हेतु ऑन लाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की दो प्रतियां, स्वयं का फोटो आईडी प्रुफ व दो पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य लेकर आवे।

09. अभ्यर्थी को दिशा–निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र मय संलग्नकों एवं मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिशः कार्यालय में निर्धारित दिनांक एवं समयावधि में उपस्थित होना है। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति मे अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन से वंचित कर दिया जावेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(डॉ.महावीर कुमार शर्मा)
संयुक्त निदेशक(स्कूल शिक्षा)
अजमेर संभाग,अजमेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahaveer Kumar Sharma
Designation : Joint Director
Date: 2026.03.08 15:24:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20922092

# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/साप्र/बी–3/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती/2024/ई–50868 दिनांकः यथा हस्ताक्षर

संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा, संभाग कार्यालय
समस्त

विषय – चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 मे पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु जारी किये गये निर्देश के क्रम में।

प्रसंग – कार्यालय द्वारा जारी पत्र के राजकाज रेफ.नं. 20900424 दिनांक 06.03.2026 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 मे पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्देश जारी किये गये थे, जिसमे आंशिक संशोधन किया जाता है –

1. प्रासंगिक पत्र के बिन्दु संख्या 14 के क्रम में – अभ्यर्थियों को मूल आवेदन पत्र एवं SCRUTINY FORM दो प्रतियों(हार्ड कॉपी) में लाने हेतु निर्देश जारी करें। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाई अभ्यर्थियों की पीडीएफ से मिलान(ऑन लाईन) कर चैक कर ही जांच दल को आवेदन पत्र अग्रेषित करें।
2. अभ्यर्थियों की पात्रता जांच दस्तावेज सत्यापन का क्रम निम्नानुसार रहेगा
   - सर्वप्रथम बायोमेट्रिक पर उपस्थिती।
   - अभ्यर्थी का रजिस्ट्रेशन किया जावे।
   - राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई अभ्यर्थियो की पीडीएफ का मिलान SCRUTINY FORM से किया जावे।
   - जांच दल द्वारा पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन।
3. अभ्यर्थियों हेतु चल शौचालय की व्यवस्था नगर निगम/नगर परिषद के सहयोग से करवाई जावे।
4. कम्प्यूटर/लेपटॉप इत्यादि की व्यवस्था निकटतम अथवा कैम्प के विद्यालय से की जा सकती है।
5. पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक मय स्थाल हेतु SMS/email किया जाना है, जिसके लिए message/template तैयार कर कार्यालय को प्रेषित करें।
6. अभ्यर्थियों हेतु दस्तावेज सत्यापन कैम्प स्थल पर उपलब्ध हॉल का उपयोग किया जावे।

(वीणा सोलंकी)
उप निदेशक(प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Veena Solanki
Designation: Deputy Director
Date: 2026.03.08 17:26:25 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20922468
eSign 1.0

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा 2024 पात्रता जांच हेतु चेक–लिस्ट

**पद–चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टीएसपी/नॉन टीएसपी आवेदन क्रमांक..................................नाम अभ्यर्थी ......................................**

**पुत्र/पुत्री श्री.............................................................केटेगरी...............................उपश्रेणी..............................**

| क्र.सं. | पात्रता मानदंड बिन्दु | पात्रता टिप्पणी | यदि अपात्र है तो अपात्रता का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | आयु मानदंड के अनुसार | पात्र /अपात्र/आयु में छूट प्राप्त–स्वयं के वर्ग में कंसीडर | |
| 2 | शैक्षिक योग्यता के अनुसार | पात्र /अपात्र | |
| 3 | मूल निवास प्रमाण पत्र के अनुसार | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 4 | आरक्षित वर्ग में होने का प्रमाण पत्र के आधार पर | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 5 | विधवा वर्ग हेतु | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 6 | परित्यक्ता वर्ग हेतु | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 7 | उत्कृष्ट खिलाडी वर्ग हेतु | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 8 | भूतपूर्व सैनिक वर्ग हेतु | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 9 | दिव्यांगजन वर्ग हेतु | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 10 | टीएसपी निवासी का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र के | पात्र /अपात्र/लागू नहीं | |
| 11 | चरित्र/आपराधिक प्रकरणों के अनुसार | पात्र /अपात्र | |
| 12 | किसी परीक्षा से डिबार पाये जाने/नहीं पाये जाने के अनुसार | पात्र /अपात्र | |
| 13 | संतान संबंधी प्रावधान के अनुसार | पात्र /अपात्र | |

**पात्रता के संबंध में टिप्पणी (एक से अधिक टिप्पणी का चयन किया जा सकता है, जो लागू हो उस पर टिक करें)———**

**1.केवल अनारक्षित पदों के लिए पात्र**

**2.अनारक्षित एवं आरक्षित दोनों पदों हेतु पात्र**

**3.केवल आरक्षित पदों हेतु पात्र**

**4.विधवा/परित्यकक्ता/उत्कृष्ट खिलाडी/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन पद हेतु भी पात्र**

**5.विधवा/परित्यकक्ता/उत्कृष्ट खिलाडी/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन पद हेतु अपात्र किन्तु अनारक्षित व आरक्षित दोनों पदों हेतु पात्र**

**6.विधवा/परित्यकक्ता/उत्कृष्ट खिलाडी/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन पद हेतु अपात्र किन्तु अनारक्षित पदों हेतु पात्र**

**7.विधवा/परित्यकक्ता/उत्कृष्ट खिलाडी/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन पद हेतु अपात्र किन्तु आरक्षित पदों हेतु पात्र**

**8.अपात्र एवं अपात्र होने का कारण.............................................................................................................................................**

**..................................................................................................................................................................................**

**पात्रता के संबंध में समग्र टिप्पणी (परिशिष्ठ के अनुसार ही टिप्पणी करें)...........................................................................**

**.........................................................................................................................................................................................**

**.................................................................................................................**

| हस्ताक्षर दल अध्यक्ष | हस्ताक्षर 1–सदस्य | हस्ताक्षर 2– सदस्य |
|---|---|---|
| नाम | नाम | नाम |
| पदनाम | पदनाम | पदनाम |
| पदस्थापन स्थान | पदस्थापन स्थान | पदस्थापन स्थान |

**नोडल अधिकारी की टिप्पणी.................................................................................................................................**

**...............................................................................................................................................................................**

**नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर**

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा–2024

**(अभ्यर्थी इसे स्वयं भरकर प्रस्तुत करे)**

| पासपोर्ट फोटो |
|---|
| |

**नामः** **ईमेलः**

**जन्मतिथिः** **रोल नम्बरः** **मोबाइलः**

**लिंगः M/F** **आयु वर्षो में (As on 01 जनवरी 2026)वर्ष..........माह.............दिन................**

| क्र.सं | दस्तावेजों का विवरण | दस्तावेज उपलब्धता हां/ना | जारी करने की तिथि | दस्तावेज पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विस्तृत आवेदन सह परीनिरीक्षा प्रपत्र (Scrutiny Form) | | | |
| 2. | मैट्रिक/हाई स्कल/सैकण्डरी<br>(अंकतालिका एवं (प्रमाण पत्र [जन्म दिनांक हेतु] ) | | | |
| 3. | मूल निवास प्रमाण पत्र | | | |
| 4. | श्रेणी( ST/SC/OBC/MBC/EWS/SAH/TSP ) प्रमाण पत्र | | | |
| 5. | अन्य श्रेणी(यथा विधवा/परित्यक्ता, खेल संबंधी, विशेष योग्यजन(विकलांग)इत्यादि) का प्रमाण पत्र | | | |
| 6. | अन्तिम शैक्षणिक संस्था द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र | | | |
| 7. | 2 मूल चरित्र प्रमाण पत्र अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों से प्रमाणित | | | |
| 8. | वचनबंध प्रपत्र (सादे कागज पर) | | | |
| 9. | संविधान शपथ पत्र (सादे कागज पर) | | | |
| 10. | दहेज संबंधित घोषणा पत्र(विधवा/परित्यक्ता/विवाहित/अविवाहिता अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत ) | | | |
| 11. | विवाह प्रमाण पत्र<br>(22.05.2006 से पूर्व विवाह हुआ तो उसका शपथ पत्र मान्य है) | | | |
| 12. | संतान संबंधी घोषणा पत्र<br>(राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित) | | | |
| 13. | सामान्य घोषणा पत्र | | | |
| 14. | विकल्प पत्र | | | |
| 15. | नमूना हस्ताक्षर प्रारूप | | | |
| 16. | स्वयं का फोटो पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पोसपोर्ट आदि)की स्वप्रमाणित प्रति | | | |

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

- सभी प्रपत्र इसी कम में संलग्न कर उन पर पृष्ठ संख्या अंकित करे।
- सभी प्रपत्र स्वयं प्रमाणित करे।